अटल परिसर का भूमि पूजन 25 दिसम्बर को नेहरू नगर तारामण्डल उद्यान में

भिलाईनगर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के स्वर्ण जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर को अटल परिसर का भूमि पूजन नेहरू नगर पूर्व तारामण्डल उद्यान के समीप में किया जाएगा। जिसकी लागत राशि 50 लाख रूपये होगा। बहुत ही आर्कषक लोकेशन पर छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी जी की 6 फिट मूर्ति स्थापित की जाएगी। चारो तरफ लैण्डस्केप, सुन्दर फूलो की बागवानी, लाईटिंग, हरियाली आदि सब आर्कषण का केन्द्र होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम नेहरू प्लेनेटेरियम के बगल में अपरान्ह 1 बजे से शुरू होगा। जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, सह-अध्यक्षता महापौर नीरज पाल नगर पालिक निगम भिलाई, विशिष्ठ अतिथि सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद एवं जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, अध्यक्ष लोक कर्म विभाग एकांश बंछोर, वार्ड क्रं. 04 पार्षद चंदेश्वरी बांधे, एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं, चेम्बर के सदस्यगण एवं क्षेत्र के नागरिकगणो की उपस्थिति में अटल परिसर का भूमि पूजन किया जाएगा। ओजस्वी वक्ता के राष्ट्रीय भावनाओ एवं सामाजिक दृष्टिकोण से ओत-प्रोत अटल जी के कविताओं का वाचन भी कवियों द्वारा किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिको से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के स्मृति में अटल परिसर के भूमि पूजन में सहभागीता हेतु अनुरोध किया है।